उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 1 सितंबर 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 1

देश

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अवधेश द्विवेदी का अयोध्या में भव्य स्वागत।



संवाददाता हरि श्याम तिवारी अयोध्या के रौनाही टोल प्लाजा पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अवधेश द्विवेदी के स्वागत में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक खब्बू तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रौनाही टोल प्लाजा पर अपार जनसैलाब देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। समारोह के दौरान क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह नजर आया। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला।

## एक नज़र में

फरह में मानवता शर्मसार, जंगल में फेंकी गई नवजात, पुलिस जांच में जुटी।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## फरह में मानवता शर्मसार, जंगल में फेंकी गई नवजात, पुलिस जांच में जुटी।



सलेमपुर जंगल में बोरी में मिली बच्ची, कस्बा इंचार्ज अजय मलिक ने बचाई जान। संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा/फरह। थाना फरह क्षेत्र के सलेमपुर गांव के जंगल में सोमवार को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। यहां एक नवजात बच्ची को बोरी में बंद कर जंगल में फेंक दिया गया। गनीमत रही कि पशु चरा रहे ग्रामीणों ने बच्ची के रोने की आवाज सुन ली, जिससे मासूम की जान बच गई। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय ग्रामीण जंगल में पशु चरा रहे थे। तभी झाड़ियों के पास से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर तलाश की तो एक सुनसान जगह पर बोरी पड़ी मिली।